# പൊതുവിദ്യാഭ്യാസവകുപ്പ് - കേരളം

## കണ്ണൂർ ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത്

## ഡയറ്റ് കണ്ണൂർ–സമഗ്രശിക്ഷ കേരളം കണ്ണൂർ



## എസ് എസ് എൽ സി

### വിദ്യാർത്ഥികൾക്കുള്ള പഠനപിന്തുണാസഹായി

# SMILE-2024

**Special Module to Improve achievement Level in public Exams**

..........................................................................................................

# കണ്ണൂർ ജില്ലാപഞ്ചായത്ത്

## പൊതുവിദ്യാഭ്യാസവകുപ്പ്

## ഡയറ്റ് കണ്ണൂർ–സമഗ്രശിക്ഷ കേരളം കണ്ണൂർ

# SMILE-2024

## Special Module to Improve achievement Level in public Exams

**എസ് എസ് എൽ സി – ഹയർസെക്കന്ററി – വൊക്കേഷണൽ ഹയർസെക്കന്ററി**

**വിദ്യാർത്ഥികൾക്കുള്ള പഠനപിന്തുണാസഹായി**

---

***ഉപദേശക സമിതി***

ശ്രീമതി പി പി ദിവ്യ, പ്രസിഡണ്ട്, കണ്ണൂർ ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത്

ശ്രീ ബിനോയ് കുര്യൻ, വൈസ് പ്രസിഡണ്ട്, കണ്ണൂർ ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത്

അഡ്വ. കെ കെ രത്നകുമാരി, ചെയർപേഴ്സൺ, ആരോഗ്യവിദ്യാഭ്യാസസ്ഥിരം സമിതി, കണ്ണൂർ ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത്

***വിദഗ്ധസമിതി***

ശ്രീ. മണികണ്ഠൻ കെ ആർ, ആർ ഡി ഡി, കണ്ണൂർ

ശ്രീമതി അംബിക എ പി, ഡിഡിഇ കണ്ണൂർ

ശ്രീ വി വി പ്രേമരാജൻ, പ്രിൻസിപ്പാൾ, ഡയറ്റ് കണ്ണൂർ

ശ്രീ ഇ സി വിനോദ്, ഡി പി സി, എസ് എസ് കെ, കണ്ണൂർ

ശ്രീമതി ഉദയകുമാരി ഇ ആർ, അസിസ്റ്റന്റ് ഡയരക്ടർ, വിഎച്ച് എസ് ഇ

***കോർഡിനേറ്റർമാർ***

ഡോ കെ വിനോദ്കുമാർ, സീനിയർ ലക്ചറർ, ഡയറ്റ് കണ്ണൂർ

ശ്രീ. എസ് കെ ജയദേവൻ, സീനിയർ ലക്ചറർ, ഡയറ്റ് കണ്ണൂർ

***തയ്യാറാക്കിയത്***

സ്മൈൽ റിസോഴ്സ് ഗ്രൂപ്പ് അംഗങ്ങൾ

***ഏകോപനം***

ജില്ലാവിദ്യാഭ്യാസപരിശീലനകേന്ദ്രം (ഡയറ്റ്), കണ്ണൂർ

==========================================================

# SMILE-HINDI COACHING MODULE
# DIET-KANNUR.2023-24

**हिंदी अध्यापक बंधुओं ,**

**पिछले तीन साल लगातार हम सबकी मेहनत और परिश्रम से ही राज्य मे एस एस एल सी परीक्षा में कन्नूर ज़िले को बड़ी जीत हासिल कराने में हम कामयाब बने। अगले साल की हिंदी परीक्षा में भी ज़िले के सारे छात्रों को जीत दिलाना हमारा दायित्व हैं । सब बच्चों को C+ के ऊपर लाना हमारी ज़िम्मेदारी समझते हैं। उसके लिए बनाई गई हिंदी प्रशिक्षण सहायक सामग्री आपके सामने समर्पित करते हैं। इस मे प्रश्नों के ज्यादा नमूने और उदाहरण शामिल करके आने वाले दिनों मे सब छात्रो को आगे ले आने की उम्मीद के साथ ........शुभकामनाएँ**

******************************


Prepared by :

SALMAN AK– GVHSS KANNUR
9995208350

DINESHAN N – GHSS PUZHATHI
9495016194

ASHARAF KP – MMHSS THALASSERY
9539147110

JOMON JOSEPH– BVJMHSS PERUMPADAVE
9747950110

# पन्नों से

- विशेषण
- समानार्थी शब्द
- मुहावरा / प्रयोग-का अर्थ
- सर्वनाम -प्रत्यय
- लग
- का, के, की
- वाक्य पिरामिड
- नमूने के अनुसार वाक्य का पुनर्लेखन
- सही मिलान
- सही प्रस्ताव
- काल (सही वाक्य कौन सा है)
- वार्तालाप (संवाद ,बातचीत)
- पटकथा
- डायरी
- पत्र
- पोस्टर
- रपट
- चरित्र चित्रण
- कविता का आशय
- टिप्पणी/ लघु लेख
- लघूत्तर प्रश्न/ वस्तुनिष्ठप्रश्न
- प्रश्न पत्र (नमूना)
- अतिरिक्त प्रश्न

# विशेषण

**प्रश्न– चुस्त गज़लें -में विशेषण शब्द कौन-सा है?**

**उत्तर-चुस्त**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **नीली** स्याही | **सिद्ध** कवि | **टूटा** पहिया | **सफेद** पट्टी |
| **दुरूह** चक्रव्यूह | **बूढा** मल्लाह | **गंदा** पानी | **पहला** शो |
| **कानी** कुत्तिया | **कीमती** कपड़े | **धुँधली** रोशनी | **सीढीनुमा** खेत |
| **सामान्य -सी** चीज़ | **पराया** घर | **पीले** फूल | **बर्फानी** चोटी |
| **विद्रोही** दिल | **अकेली** आवाज़ | **दुस्साहसी** अभिमन्यु | **काला** पहाड |
| **असल** नाम | **सुदूर** देहात | **प्रथम** पुरस्कार | **अभद्र** शोर |
| **मशहूर** गीत | **खास** मुकदमा | **बदबूदार** पानी | **खराब** पानी |
| **बडी** बुआ | **लंबी** यात्रा | **मुख्य** पुजारी | **चौकन्नी** दृष्टी |

# समानार्थी शब्द

**प्रश्न– बहस** केलिए प्रयुक्त शब्द कौन सा है?

**मुबाहिसा**

| | |
|---|---|
| मोहल्ला - इलाका | अधूरा - अपूर्ण |
| मशहूर - प्रसिद्ध | इतर - शेष |
| थडी - दुकान | इल्ज़ाम - आरोप |
| आहिस्ता - धीरे | किस्सा - कहानी |
| नज़दीक - पास | कारिंदा - सेवक |
| बू - गंध | खास - विशेष |
| दरकार - आवश्यकता | देहात - गाँव |
| कारीगर - शिल्पी | बोझ - भार |
| बारीक - सूक्ष्म | मौका - अवसर |
| लगातार - निरंतर | वजह - कारण |
| अहसास - अनुभव | विलोम - विपरीत |
| चुनौती - ललकार | अभद्र - अहित |
| कौड़ी - पैसा | बौछार - वर्षा |
| खराबी - बुराई | पाबंदी - बंधन |
| छंटा - दुष्ठ | सड़ा - मलिन |
| तहमद - लुंगी | सुराख - छेद |
| नसीहत - सदुपदेश | कल्पना - अनुमान |

# मुहावरा/प्रयोग–का अर्थ

| | |
|---|---|
| कंधा देना | सहायता करना |
| इंतज़ार करना | प्रतीक्षा करना |
| तारीफ़ करना | प्रशंसा करना |
| वाहवाही करना | तारीफ़ करना |
| नकल करना | अनुकरण करना |
| शर्मिंदा महसूस करना | लज्जा का अनुभव करना |
| लोहा लेना | लड़ाई करना / मुकाबला करना / सामना करना / युद्ध करना |
| तब्दील होना | बदलना / परिवर्तित होना |
| पौ फटना | प्रभात होना |
| **बाँछें** खिल जाना | प्रसन्न होना |
| मुँह उतर जाना | उदास होना / दुखी होना |

# सर्वनाम -प्रत्यय

**1 सही विकल्प चुनकर लिखें।**

(क) तू+ को = तेरी (ख) तू+ की = तेरी

(घ) तू+ का= तेरी (ग) तू+ के = तेरी

**उत्तर -(ख) तू+ की = तेरी**

2- 'मेरी' में निहित सर्वनाम कौन सा हैं **? ( मैं ,हम ,तू, तुम )**

**उत्तर- मैं**

| | | | |
|---|---|---|---|
| वह+ का = उसका | वह + को = उसको,उसे | वह + से= उससे | वह + ने =उसने |
| यह+ का = इसका | यह + को = इसको,इसे | यह + से= इससे | यह + ने =इसने |
| वे + का = उनका | वे + को = उनको ,उन्हें | वे+ से = उनसे | वे + ने =उन्होंने |
| ये + का = इनका | ये + को = इनको,इन्हें | ये+ से =इनसे | ये+ ने = इन्होंने |
| मैं + का = मेरा | मैं + को = मुझको,मुझे | मैं + से = मुझसे | मैं + ने = मैंने |
| तू + का = तेरा | तू + को = तुझको ,तुझे | तू + से = तुझसे | तू + ने = तूने |
| तुम + का= तुम्हारा | तुम + को =तुमको ,तुम्हें | तुम + से = तुमसे | तुम + ने = तुमने |
| हम + का= हमारा | हम + को = हमको ,हमें | हम+ से= हमसे | हम+ ने= हमने |

# लग

**प्रश्न :सही प्रस्ताव चुनकर लिखिए**

बेला साहिल से कहने लगा।
बेला साहिल से कहने लगी।
बेला साहिल से कहने लगे
बेला साहिल से कहना लगी।

**उ -बेला साहिल से कहने लगी।**

***इससे मदद लें***

मैनेजर बहस करने लगा।
बूढ़ा मल्लाह ग़ज़ल गाने लगा।
चार्ली गीत गाने लगा।
बेला और साहिल बीरबहूटी खोजने लगे।
लोग चिल्लाने लगे।
बच्चे काम पर जाने लगे ।
बेला स्कूल जाने लगी ।
गठली तेज़ बोलने लगी ।
गठली रोने लगी ।
गुठली और बुआ बातें करने लगीं।
जोखू गंदा पानी पीने लगा।

**लड़का हिंदी लिखने लगा।**
**लड़के हिंदी लिखने लगे।**
**लड़की हिंदी लिखने लगी।**
**लड़कियाँ हिंदी लिखने लगीं।**

**नमूने के अनुसार वाक्य का पुनर्लेखन**

बेला पाठशाला में पढती है । बेला पाठशाला में पढेगी ।
साहिल पाठशाला में पढता है ।साहिल पाठशाला में ........ । - **उत्तर- पढेगा ।**

***इससे मदद लें***

1 अब हम लोट लौट **चलेंगे** ।अब हम लौट **चलें** ।
2 बेला स्कूल **जाती है।** बेला स्कूल **जाएगी ।**
3 साहिल स्कूल **जाता है**। साहिल स्कूल **जाएगा।**
4 गंगी मौके का इन्तज़ार **करती थी**। गंगी मौके का इन्तज़ार **कर रही थी।**
5 चार्ली मंच पर अभिनय **करता था।** चार्ली मंच पर अभिनय **कर रहा था** ।।
6 बच्चे काम पर **जाते है।** बच्चे काम पर **जा रहे हैं।**
7 बडे लोग सलाह **देते हैं**। बडे लोग सलाह **दे रहे हैं।**

## का, के, की

**प्रश्न - सही वाक्य कौन सा है?**

माँ का आवाज़ फट गई।

माँ का आवाज़ फट गई।

माँ के आवाज़ फट गई।

✔ **माँ की आवाज़ फट गई।**

***इससे मदद लें***

* साहिल <u>की आँखें</u> भर गईं।
* बेला <u>का मन</u> खराब हो गया।
* रविवार <u>का दिन</u> था।
* रणविजय ढाणी के राणा <u>का बेटा</u> है।
* गाँव <u>के बच्चे</u> फूल चुनते हैं।
* चार्ली परदे <u>के पीछे</u> खडा था।
* माँ <u>की आवाज</u> फट गई।
* बेला <u>की आंखें</u> भर गईं।
* छाछ मिहिर <u>की कमजोरी</u> है।

## वाक्य पिरामिड

**प्रश्न -1 वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें।**

**(जगत की आ्ड में ,मौके का इंतज़ार)**

गंगी कर रही थी।

....... ...................................

...................................................

गंगी जगत की आ्ड में मौके का इन्तज़ार कर रही थी।

**प्रश्न -2 वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें।**

**(अंधेरे साये में, एक वृक्ष के )**

गंगी जा खडी हुई।

............................................

.....................................................

गंगी एक वृक्ष के अंधेरे साये में जा खडी हुई ।

**प्रश्न 3-वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें।**

खूबसूरत , पीले

**फूल खिलते हैं**

..........................................

..................................................

पहाडों में खूबसूरत पीले **फूल खिलते हैं**

**इससे मदद लें**

बेला और साहिल खोजते थे ।

बेला और साहिल बीरबहूटियाँ खोजते थे

बेला और साहिल लाल बीरबहूटियाँ खोजते थे

बेला और साहिल सबेरे लाल बीरबहूटियाँ खोजते थे

## प्रश्न - सही मिलान करें

1

| | |
|---|---|
| मोरपाल रोज़ | भाषण में प्रथम पुरस्कार पाता है |
| मिहिर केलिए | साइकिल चलाकर स्कूल आता था |
| छोटू सिर्फ | स्कूल यूनिफार्म बोझ थी |
| रणविजय | छोटू होकर जीना नहीं चाहता |

2

| | |
|---|---|
| मैं तो गा नहीं सकता | कुछ निश्चय नहीं किया था । |
| रात को ग्यारह के बाद | वह खामोश हो गया । |
| तीसरी ग़ज़ल सुनाकर | हम लोग घूमने निकले । |
| घर से चलते समय | बूढा मल्लाह हाथ जोड़कर बोला। |

3

| | |
|---|---|
| बसंत | चैती गीत गाते हैं । |
| अंतिम दिन | गाड़ियों से भर जाती हैं । |
| पहाड़ी सड़कें | फूलदेई का त्यौहार लेकर आता है। |
| औजी | सामूहिक भोज बनाया जाता है । |

## सही प्रस्ताव

**1. सही चार प्रस्ताव चुनकर लिखिए**

क) **चार्ली का गाना सुनकर लोग खुश हो गए ।**

ख) चार्ली की माँ पैसे बटोरने लगी।

ग) **चार्ली को शंका हुई कि मैनेजर पैसा लेना चाहता है ।**

घ) **चार्ली ने पैसे बटोरने के बाद गाना गाया ।**

ङ) चार्ली के गाने से लोग शोर मचाने लगे ।

च) **चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी ।**

**2. सही चार प्रस्ताव चुनकर लिखिए ।**

क ) बडे लोग सामूहिक भोज तैयार करते हैं।

ख )**बसंत ऋतु में फूलदेई का त्योहार आता है।**

ग ) बच्चे देर रात तक फूल चुनते हैं।

घ ) **औजी चैती गीत गाते हैं।**

ङ ) **चैती गीतों में पांडवों की हिमालय यात्रा के किस्से होते हैं ।**

च ) **बच्चे चुने गए फूलों से घरों की देहरियों को सजाते हैं।**

## काल

**प्रश्न - सही वाक्य कौन सा है।**

बच्चा काम करता है। बच्चा काम करती है।
बच्चा काम करते हैं। बच्चा काम करती हैं।

**उ- बच्चा काम करता है।**

**इससे मदद ले**

| सामान्य वर्तमान काल | |
|---|---|
| पु | स्त्री |
| मै पढता हूँ । | मै पढती हूँ। |
| तुम पढते हो। | तुम पढती हो। |
| लडका पढता है। | लडकी पढती है। |
| लडके पढते हैं। | लडकियाँ पढती है। |

**प्रश्न- सही वाक्य कौनसा है।**

बच्चा काम कर रहा है। बच्चा काम कर रही है।
बच्चा काम कर रहे हैं। बच्चा काम कर रही हैं।

**उ - बच्चा काम कर रहा है।**

**इससे मदद ले**

| तात्कालिक वर्तमान काल | |
|---|---|
| पु | स्त्री |
| **मै पढ रहा हूँ ।** | **मै पढ रही हूँ।** |
| **तुम पढ रहे हो।** | **तुम पढ रहे हो।** |
| **लडका पढ रहा है।** | **लडकी पढ रही है।** |
| **लडके पढ रहे हैं।** | **लडकियाँ पढ रही हैं।** |

## प्रश्न -सही वाक्य कौनसा है।

चार्ली पैसे बटोरेगा। चार्ली पैसे बटोरेगी।
चार्ली पैसे बटोरेगे। चार्ली पैसे बटोरूँगा

उ **चार्ली पैसे बटोरेगा।**

**इससे मदद लें**

| सामान्य भविष्यत काल | |
|---|---|
| पु | स्त्री |
| **मैं पढूँगा ।** | **मैं पढूँगी ।** |
| **तुम पढोगे** | **तुम पढोगी** |
| **लडका पढेगा ।** | **लडकी पढेगी ।** |
| **लडके पढेंगे।** | **लडकियाँ पढेंगी।** |

## ➔ वार्तालाप /संवाद /बातचीत

हमारा सौदा था खेल घंटी मे खाने की अदला-बदली का । इस प्रसंग को लेकर मोरपाल और मिहिर के बीच का संभावित वार्तालाप कल्पना करके लिखिए

मोरपाल : अरे यार ,क्या हम खाना खाएँ ?
मिहिर : हाँ। मुझे भी भूख लगती है।
मोरपाल :आज क्या लाया है तू ?
मिहिर : राजमा चावल
मोरपाल : आज भी !!
मिहिर : हाँ।
मोरपाल : राजमा मुझे बहुत पसंद है ।
मिहिर : तू क्या लाया है ?
मोरपाल : थोड़ा छाछ ।
मिहिर : छाछ मुझे बहुत पसंद है।
मोरपाल : छाछ तेरी कमज़ोरी है ना ?
मिहिर : हाँ ,कल डिब्बा भरके छाछ ले आना ।
मोरपाल : माँ से कह दूँ।
मिहिर : चलो, हम खाएँ।

## वार्तालाप के लिए संभावित प्रश्न

* बीरबहूटी खोजते समय बेला और साहिल के बीच ............
* दुकानदार से बेला और साहिल के बीच..........
* अस्पताल में....................(बेला और साहिल के बीच)
* रिपोर्ट कार्ड देखते समय......................(बेला और साहिल के बीच)
* दीपावली की छुट्टियों के बाद स्कूल खुलने पर............. (बेला और साहिल के बीच)
* भाषण प्रतियोगिता के प्रसंग के आधार पर .............छोटू और रणविजय के बीच
* मैनेजर और चार्ली की माँ के बीच ..........
* गंगी और जोखू के बीच - गंदा पानी पीने से पहले और बाद.............
* गुठली और बुआ के बीच.............
* गुठली और माँ के बीच........................
* . गंगी और पडोसिन के बीच ................
* अब्दुल जब्बार और अविनाश के बीच.............. मोहन राकेश और अविनाश के बीच

## पटकथा

**प्रश्न**-पाँचवीं कक्षा का रिजल्ट आ गया । दोनों छठी मे आ गए। यह स्कूल पाँचवीं तक ही था। कहानी के इस प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखिए

**दृश्य – एक**

**स्थान** - स्कूल के पास की सड़क

**समय** - सुबह ग्यारह बजे

**पात्र** - बेला (11 साल ) स्कूल यूनीफॉंर्म पहनी है।
साहिल ( 11 साल ) स्कूल यूनीफॉंर्म पहना है।

**दृश्य का विवरण**

स्कूल यूनीफॉंर्म पहने ग्यारह साल के बेला और साहिल सुबह ग्यारह बजे स्कूल के पास की सड़क पर एक दूसरे के रिपोर्ट काड़ देख रहे हैं।

**संवाद**

बेला : साहिल, अब तुम कहाँ पढ़ोगे ?
साहिल : तुम कहाँ पढ़ोगी ,बेला ?
बेला : राजकीय कन्या पाठशाला में, और तुम ?
साहिल :(उदास होकर) अजमेर में।एक होस्टल में ।
बेलाः ( दुखी होकर )क्यों साहिल ?
साहिल : (दुखी होकर ) पता नहीं।
बेला : (आँसू पोछते हुए ) तुम्हारा रिपोर्ट काड़ दिखाओ ।
( दोनों एक दूसरे का रिपोर्ट कार्ड देखते हुए चलते हैं। )

( दृश्य समाप्त)

**वार्तालाप के संभावित प्रश्न पटकथा को भी लागू है।**

# डायरी

**प्रश्न-**दीदी की शादी के कार्ड पर अपना नाम न छपा देखकर गुठली बडी दुखी हुई। गुठली के उस दिन की डायरी कल्पना करके लिखिए ।

**16-02-1980**

**बुधवार**

आज दीदी की शादी के कार्ड छपकर आए । मैं बडी उत्सुक थी । कार्ड पर सिर्फ मेरा नाम नहीं था। ताऊजी से शिकायत की । उनका कहना था कि अपने घर की छोरियों का नाम कार्ड पर नहीं छपते । मैं यह मानने को तैयार नहीं थी । अंत में माँ ने कार्ड पर मेरा नाम लिख दिया । क्या, इस प्रकार का विवेचन ठीक है?लड़की को अपने घर में कोई अधिकार नहीं है ? मैं इसके विरुद्ध आवाज उठाऊँगी ।

## डायरी में शामिल करने योग्य कुछ वाक्य

***आज बडी खुशी का दिन था।**
*** आज बडा दु:ख का दिन था।**
***उफ़ कैसा दिन था !**
***आज मेरी जिंदगी के महत्वपूर्ण दिनों में से एक है ।**
***आज का दिन मैं कभी भूल नहीं सकता / सकती ।**
*** आज एक यादगार दिन रहा ।**
*** आज एकदम अच्छा / बुरा दिन था।**
*** आज केलिए बस इतना ही ।**
*** कल सुबह जल्दी उठना है।**
*** कल का दिन शुभ हो,इस उम्मीद से।**
*** हे भगवान धन्यवाद ।**

## डायरी के प्रश्नों के कुछ संभावित संदर्भ

* सुरेंदर माटसाब के बुरे व्यवहार के बाद .................. बेला / साहिल की डायरी।
* रिज़ल्ट के बाद ..................................................बेला / साहिल की डायरी ।
* छोटू का सपना साकार होता है............................ उस दिन की छोटू की डायरी
* चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार.... चार्ली / माँ की डायरी
* घर पहुँचकर देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला गंदा पानी पी रहा है। गंगी की डायरी |
* भोपाल ताल की सैर के बाद..................अविनाश / मोहन राकेश / अब्दुल जब्बार की डायरी |
* बुआ से हुए झगडे के बाद गुठली की डायरी ।

# पत्र

**प्रश्न-भोपाल ताल की सैर के अनुभवों का ज़िक्र करते हुए मित्र के नाम अविनाश का पत्र लिखें।**

**भोपाल,**
**26 -12 -1952.**

**प्रिय मित्र ,**

तुम कैसे हो ? घर के सब लोग कैसे हैं? मैं आशा करता हूँ ,कि वहाँ सब कुशल हैं। मैं यहाँ ठीक हूँ।

बहुत दिनों से तुम्हें लिखने को सोच रहा था ।आज ही समय मिला। अब मैं मुंबाई में हुँ । मैं मुंबाई से कन्याकुमारी की यात्रा पर निकला हूँ । कल शाम को अविनाश भोपाल स्टेशन पर मुझसे मिलने आया था। उसने मुझे गाडी से उतारी । रात को हम भोपाल ताल घूमने गए ।नाव लेकर भोपाल ताल की सैर की।मल्लाह अब्दुल जब्बार एक अच्छा ग़ज़ल गायक था। उसका गला काफ़ी अच्छा था।उसने गालिब की कई गजलें सुनाई ।भोपाल की सैर एक सुखद अनुभव था।यह मेरे लिए काफ़ी यादगार है।

बाकि सब अगले पत्र में । मेरा पत्र मिलते ही जवाब लिखना । माँ बापूजी को प्रणाम ।

**प्यार से ,**
**आप का दोस्त**
**( हस्ताक्षर )**
**अविनाश**

**सेवा में**
**नाम......**
**पता.........**

**पत्र केलिए प्रश्नों के कुछ संभावित संदर्भ**

* अजमेर के होस्टल से बेला के नाम साहिल का पत्र ।
* थियटर के कार्यक्रम के बाद मित्र के नाम चार्ली की माँ का पत्र ।
* चाय की दूकान की बातें बताते हुए माँ के नाम छोटू का पत्र।
* बुआ की बात बताते हुए सहेली के नाम गुठली का पत्र ।
* सुरेंदर माटसाब के बुरे व्यवहार पर वेला का पत्र ,सहेली के नाम पर.............

# पोस्टर

## सूचनात्मक पोस्टर (कार्यक्रम संबन्धी)

"ठाकुर का कुआँ " कहानी के नाटक रूपांतरण का मंचीकरण  आप के स्कूल में होनेवाला है। इसकेलिए एक पोस्टर तैयार कीजिए ।

**सरकारी  हाई स्कूल**

**कोल्लम**

**"ठाकुर का कुआँ "**

**नाटक का मंचीकरण**

**स्कूल हॉल में**

30-03-24
शाम 4 बजे

**सब का स्वागत**

**हिन्दी कल्ब  सरकारी हाई स्कूल कोल्लम**

## संदेशात्मक पोस्टर

बालश्रम ( बाल मज़दूरी ) कानूनी अपराध है। फ़िर भी कई देशों में अब भी बच्चे मज़दूरी करते हैं। बालश्रम को रोकने का संदेश देनेवाला एक पोस्टर तैयार कीजिए।



* बालश्रम कानूनी अपराध है।*

*बालश्रम को रोको ।*

*पढ़ने दो बच्चों को ,बढ़ने दो बच्चों को*

* आज के बच्चे कल के नागरिक*

*बालक खेलें-बालक पढ़ें*

*बालश्रम एक सामाजिक अभिशाप हैं।*

*सब पढ़ें ....सब बढ़ें *

iiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiiii

## संदेशात्मक पोस्टर



मार्च 22

# विश्व जल दिन

जल नहीं है तो जीवन नहीं।
हर एक बूँद बहुमूल्य है

## सूचनात्मक पोस्टर - कार्यक्रम संबन्धी

# सरकारी हाई स्कूल कण्णूर

# फिल्म फेस्टिवैल 2024

उद्घाटन–मोहनलाल
फिल्म अभिनेता

चार्ली चैप्लिन की फिल्में
*दि सरकस
*मोडेन टैंसस
*दि किड

**5 मार्च 2024**

सबेरे 9 बजे

**स्कूल हॉल में**

**सबका हार्दिक स्वागत**

# पोस्टर-संभावित कुछ प्रश्न

1 बीरबहूटी का मंचीकरण।
2 जातिप्रथा एक अभिशाप है।
3 ठाकुर का कुआँ' का मंचीकरण।
4 फूलदेई का त्योहार।
5 जल संरक्षण।
6 प्रकृति संरक्षण।
7 लडका -लडकी का भेदभाव।
8 रक्तदान महादान।
9 चार्ली चैप्लिन की फिल्मों की प्रदर्शनी।
10 महिला दिवस

# रपट

**"दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था । इस घटना पर एक रपट तैयार करें ।**

**पाँच साल के लड़के की करिश्मा ।**

लन्दन : कल शाम लन्दन के एक थियटर में एक सितारे का उदय हुआ । पाँच साल के लड़के की करामत देखकर लोग सब स्तब्ध रह गए । उसका नाम चार्ली था ।उसकी माँ एक गायिका है। गाते समय माँ की आवाज़ फट गई । लोग शोर मचाने लगे । चार्ली माँ के साथ थियटर आया था । मैनेजर की ज़िद के कारण चार्ली को स्टेज पर जाना पडा । चार्ली के अभिनय और गीतों से लोग झूम उठे। वहाँ एक नया कलाकार का जन्म हुआ। दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था ।

## रपट केलिए कुछ संभावित प्रश्न

- फुलदेई का त्योहार मनाया गया ।
- बसंत के आगमन के साथ पशुचरकों की वापसी शुरू ।
- भाषण में रणविजय ने प्रथम पुरस्कार पाया।

# चरित्र चित्रण

# गंगी

'ठाकूर का कुआँ' प्रेमचन्द की कहानी है । गंगी इस कहानी का प्रमुख स्त्री पात्र है । वह जोखू की पत्नी है ।वे दोनों निम्न जाति के गरीब किसान हैं।

वह एक साहसी महिला भी है ।वह अपने बीमार पति की प्यास बुझाने के लिए ठाकुर के कुएँ से पानी लेने की साहस करती है।

गंगी एक समझदार औरत है ।उसे ठाकुर के छल -कपट मालूम है ।वह जाति प्रथा पर अपना विद्रोह प्रकट करती है ।वह ठाकुर के बुरे कामों पर घृणा प्रकट करती है ।वह पति से प्यार करने वाली है। अंत में उस के पति बदबूदार पानी पीते देखकर वह दुखी हो जाती है।

**गद्य पाठ भागों के आधार पर किसी एक पात्र की चरित्र की विशेषताओं पर टिप्पणी लिखनी पड़ती है ।**

**जोखू ,अब्दुल जब्बार , मोरपाल , छोटू ,गुठली , बेला, साहिल, ,रणविजय, सुरेंदर माटसाब आदि..............**

## कविता का आशयः-

**कवि और कविता का परिचय देते हुए " बच्चे काम पर जा रहे हैं " कविता का आशय लिखें**

**<u>बच्चे काम पर जा रहे हैं।</u>**

हिंदी के प्रसिद्ध कवि श्री राजेश जोशी की कविता है 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' । यह एक छोटी और सरल कविता है । 'बालश्रम ' इसका विषय है ।

बच्चे काम पर जा रहे हैं - यह हमारे समय की बड़ी समस्या है । आज कुछ बच्चे पढ़ने के बदले काम पर जा रहे हैं । वे गेद , खिलौने , किताब , स्कूल आदि से वंचित रहते हैं । कवि हमसे पूछते हैं कि 'क्या बच्चों को पढ़ने और खेलने की सुविधाएं नहीं है ?

कवि कहना चाहते है कि बचपन पढ़ने और खेलने का समय है।काम करने का समय नहीं है। बच्चे काम पर जाने का मूल कारण गरीबी है । इस कविता से कवि समाज की आर्थिक असमानता को हमारे सामने प्रस्तुत करते हैं।

**अकाल और उसके बाद   कविता का आशय लिखें ।**

अकाल और उसके बाद (कविता का आशय)

"अकाल और उसके बाद " नागार्जुन की कविता है ।वह प्रगतिवादी कवि है । इस कविता में अकाल और उसके बाद का वर्णन है ।

अकाल के कारण चूल्हा रोया और चक्की उदास हो गई । भूख से तड़पती छिपकलियाँ दीवार पर भागती हैं । चुहों की हालत भी शिकस्त है।अकाल के दिन दुख और निराशा के दिन थे।

अकाल के बाद घर में दाने आए । भोजन पकाने के लिए चूल्हा जलाया । आँगन से ऊपर धुआं उठने लगा ।

खाना खाने के बाद घर भर की आँखें चमकने लगीं । कौए पंख खुजलाने लगे । अकाल के बाद सभी चेहरों पर खुशी थी । इस कविता में कवि मानव के बारे में बिना कुछ कहे सब कुछ कह जाते हैं ।

## टूटा पहिया (कविता का आशय)

टूटा पहिया हिंदी के जाने-माने कवि श्री धर्मवीर भारती की एक मशहूर और बहुचर्चित कविता है।महाभारत की कथा मे वर्णित अभिमन्यु के रथ का 'टूटा पहिया' कवि की दृष्टि मे उपेक्षित मानव मूल्य का प्रतीक है। टूटे पहिए का प्रतीकात्मक चित्रण करके कवि ने संकेत किया है कि आज संसार मे सर्वत्र मानव मूल्यों का अभाव है। सारे मानव मूल्य टूट गए हैं।

कवि की राय मे दुश्मन घेर लिये तो अभिमन्यु केलिए केवल टूटा पहिया ही सहारा बना।कविता मे टूटा पहिया कहता है कि 'मुझे फ़ेंको मत।'महाभारत युद्ध मे अधर्म और अत्याचार का विरोध करते हुए दुस्साहसी अभिमन्यु ने टूटे पहिए से कौरवों की अक्षौहिणी सेनाओं का सामना किया था। उसी अधर्म का विरोध करने केलिए साधारण जनता आगे आएगी, इस आशय का संकेत कवि ने दिया है। यहाँ हमे यह सबक मिलती है कि छोटे हो या बड़े हो हमे किसी भी चीज़ की उपेक्षा न करनी है। कविता का आशय यह है कि हर एक चीज का अपना-अपना महत्व है।

कवि यह भी याद दिलाते हैं कि समाज के इतिहास की गति सत्य और धर्म के पथ को छोड़कर चले तो सच्चाई को टूटे हुए पहियों का आश्रय लेना पड़ता है।

## टिप्पणी/ लघु लेख

### मिहिर और मोरपाल

मिहिर अमीर घर का लड़का था । उसे स्कूल जाना बिलकुल पसंद नहीं था । छुट्टी के दिनों में वह खुश रहता था । यूनिफार्म पहनना उसे बुरा लगता था ।उसका जीवन सुख से संपन्न था । मोरपाल गरीब घर का लड़का था । उसे स्कूल जाना पसंद था । छुट्टी के दिन उसे बुरा लगता था । वह हर दिन यूनिफॉर्म पहनकर चलता था । उसका जीवन अभावों से भरा था ।

## टिप्पणी / लघुलेख संभावित प्रश्न

- ➔ अकाल ।
- ➔ अकाल के बाद ।
- ➔ जाति प्रथा सामाजिक अभिशाप है ।
- ➔ बालश्रम ।
- ➔ जल संरक्षण ।
- ➔ फूलदेई का त्योहार ।
- ➔ पशु चारकों की पहाड़ी जीवन ।
- ➔ लड़का लड़की में भेदभाव ।
- ➔ लड़कियों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का नियंत्रण ।
- ➔ गरीबी

## लघूत्तर प्रश्न/ वस्तुनिष्ठप्रश्न

## बीरबहूटी (कहानी)-प्रभात

**पात्र - बेला ,साहिल ,दुकानदार**

1- कहानी में किस मौसम का चित्रण है ?

बारिश का

2- स्याही कहाँ से भरी जाती है ?

दुकान से

3- बच्चे कहाँ लंगडी टाँग खेलते हैं?

गान्धी चौक में

4 -बेला और साहिल किस गाँव के हैं?

फुलेरा

5 -बीरबहूटियों की विशेषताएँ क्या - क्या हैं?

सुर्ख , मुलायम , गदबदी

6 बेला अगले साल कहाँ पढ़ेगी ?

राजकीय कन्या पाठशाला में

7 साहिल अगले साल छठी कक्षा में कहाँ पढ़ेगा ?

अजमेर में

8 पास होने पर भी बेला और साहिल उदास क्यों थे ?

क्यों कि दोनों अलग-अलग स्कूल जा रहे थे।

9 बादल को देख कर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए " दुकानदार ने ऐसा क्यों कहा?

साहिल ने पैन में जो स्याही थी,उसे जमीन पर छिड़क दिया ।लेकिन दुकान में स्याहीखतम हो गयी थी। इसलिए दुकानदार ने ऐसा कहा।मतलब है कि कोई भी काम करने से पहले सोच विचार करना चाहिए ।

10 बारिशों से पहले की बारिश का एक दिन था " इसका मतलब क्या है ?

बेला और साहिल को अलग-अलग स्कूलों में जाना पडता है ।यह सोचकर दोनों दुखी है।उनकी दोस्ती खतम होने वाली है ।इसलिए दोनों की आँखों से आँसू आ रहे थे ।

11 बेला का मन खराब हो गया। क्यों ?

सुरेंदर जी ने बेला के बालों में पंजा फंसाया।साहिल की नज़र में वह बहुत अच्छी है । वह साहिल के सामने लज्जित होना नहीं चाहती थी।इसलिए बेला का मन खराब हो गया।

12 गणित के माटसाब छात्रों को ज़रा सी गलती पर इधर-उधर फेंक देते थे । इस पर अपना विचार लिखें ।

छात्रों में अगर कोई गलती हुई तो प्यार से उन्हें समझाना चाहिए । ज़रा सी गलती केलिए इस प्रकार की सज़ा देना उचित नहीं है ।

## हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था।(टिप्पणी)

### नरेश सक्सेना

1 - "हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था " किसकी कविता है?

विनोद कुमार शुक्ल की

2- " हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था " टिप्पणी किसकी है?

नरेश सक्सेना की

3- हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था । " - पाठ का संदेश क्या है ?

दो मनुष्यों के बीच मनुष्यता का अहसास यानी मानवीय संवेदना होना जरूरी है - जानकारियाँ ज़रूरी नहीं है ।

4 -'जानना' शब्द का रूढ़िग्रस्त अर्थ क्या है ?

व्यक्ति के नाम ,पते ,उम्र ,ओहदे या जाति से जानना जानने का रूढिग्रस्त अर्थ हैं।

5- 'जानने' का असली आधार क्या है ?

एक व्यक्ति को उसकी हताशा , निराशा , असहायता , या संकट से जानना, जानने का असली आधार है ।

## टूटा पहिया (कविता)धर्मवीर भारती

**कविता के प्रतीकात्मक शब्द**

| | |
|---|---|
| **टूटा पहिया** | **लघुमानव, आम जनता ,उपेक्षित मानव** |
| **अक्षौहिणी सेना** | **शक्ति और अधिकार** |
| **अभिमन्यु** | **अधर्म के विरोधी ,साहसी युवा** |
| **महारथी** | **अधर्मी,शासक वर्ग** |
| **ब्रह्मास्त्र** | **अधिकार** |
| **चक्रव्यूह** | **समस्याएँ** |

1- टूटा पहिया किसका प्रतीक है?

लघुमानव का, आम जनता का, उपेक्षित मानव का

2-“अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी -किसका पक्ष असत्य का है ?

कौरवों का

3- अभिमन्यु किसके पक्ष में था?

सत्य के

4- 'अकेली निहत्थी आवाज़'- किसकी आवाज़ अकेली हैं।

अभिमन्यु की

5- यह कविता कौन-सा पौराणिक प्रसंग की याद दिलाती है ?

महाभारत युदध के अभिमन्यु वध की

## आई एम कलाम के बहाने (फिल्मी लेख) - मिहिर

(मिहिर, मोरपाल,छोटू(कलाम),रणविजय )

1- मिहिर का साथी कौन था ?

मोरपाल

2- मिहिर और मोरपाल के बीच का सौदा क्या था ?

खाने की अदला बदली का

3- अई एम कलाम फ़िल्म के मुख्य पात्र कौन कौन हैं ?

छोटू और रणविजय

4- छोटू का सपना क्या था ?

स्कूल जाना और राष्ट्रपति कलाम सा बनना

5- छोटू कहाँ काम करता है ?

भाटी सा की चाय की थडी में

6- रणविजय कौन था ?

ढाणी के राणा का बेटा

7- हिंदी भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार किसको मिला ?

रणविजय को

8- लूसी मैडम कौन है ?

विदेशी टूरिस्ट

9- 'हमनाम' का मतलब क्या है

समान नामवाला

10- मोरपाल के लिए स्कूल में बिताए समय अपने जीवन का सबसे अच्छा समय था।इससे आपने क्या समझा ?

घर में मोरपाल को कड़ी मेहनत थी। स्कूल में उसे खुशी मिलती थी । स्कूल में वह बच्चा बन सकता था ।दोस्तों के साथ पढ़ाई और खेलकूद कर सकता था ।

11- लेकिन छोटू सिर्फ छोटू होकर जीना नहीं चाहता था - इसका मतलब क्या है ?

छोटू चाय की दुकान में काम करनेवाला लडका है। वह होशियार है। उसका सपना था -स्कूल जाना और राष्ट्रपति कलाम सा बनना। वह अपनी इच्छा की पूर्ती केलिए प्रयास करता था।

## सबसे बड़ा शो मैन(जीवनी) गीत चतुर्वेदी

(चार्ली,मैनेजर,हेन्ना (चार्ली की माँ)

1 किसकी आवाज़ फ़ट गई ?

माँ की ।

2 पाँच साल के लड़के ने कमाल कर दिया । - लड़का कौन है?

चार्ली चैप्लिन ।

3. किनके बीच बहस हो रही थी ?

माँ और मैनेजर

4 चार्ली ने जनता में क्या फ़ैला दी ?

गुदगुदी फ़ैला दी ।

5 रूमाल की पोटली में क्या था ?

पैसे थे ।

6 पाठ के अनुसार सबसे बड़ा शो मैन कौन है?

चार्ली चैप्लिन ।

7 -माँ स्टेज से हटने केलिए मज़बूर हो गयी । क्यों ?

माँ की आवाज़ फ़ट गई। लोग चिल्लाने लगे। इसलिए माँ स्टेज से हटने केलिए मज़बूर हो गयी

8चार्ली ने स्टेज पर क्या - क्या किए ?

चार्ली ने स्टेज पर गाना गाया , नृत्य किया , दर्शकों से बातचीत की और अपनी माँ सहित कई गायकों की नकल भी उतारी ।

10.उसने जन्म ले लिया था। 'इसका मतलब क्या है ?

माँ की आवाज़ फटने के कारण चार्ली को स्टेज पर जाना पडा। उसने स्टेज पर गाना गाया , नृत्य किया , दर्शकों से बातचीत की और अपनी माँ सहित कई गायकों की नकल भी उतारी। इस शो से चार्ली दर्शकों का प्यारा बन गया। उसने जन्म ले लिया था।

## ठाकुर का कुआँ (कहानी)-प्रेमचंद

(गंगी ,जोखू ठाकुर,साहु,स्त्रीयाँ)

1-गंगी प्रतिदिन शाम पानी लिया करती थी। क्यों।

घर में कुआँ नहीं थीं।

2- कहानी में चर्चित सामाजिक समस्या क्या हैं ?

जातिप्रथा

3-"सिर्फ ये बदनसीब नहीं भर सकते "-यहाँ बदनसीब कौन है ?

निम्न जाति के लोग

4 - गंगी ठाकुर के कुएँ से पानी ले नहीं सकती थी । - क्यों ?

क्योंकि गंगी निम्न जाति की थी ।

**इससे भी मदद ले**

1 -जोखू की क्या हालत थी?

2 -गंगी ने पानी न दिया-क्यों?

3-पानी की खराबी जाने केलिए क्या करना है?

4 गंगी क्यों दूसरा पानी लाना चाहती है?

5 गंगी प्रतिदिन शाम पानी लिया करती थी क्यों?

**6**-"ठाकुर के कुएँ पर कौन चढ़ने देगा ?"- गंगी क्यों ऐसा सोचती है ?

7-ठाकुर ने किसको रिश्वत दी?

8-गंगी आड़ में बैठी मौके का इंतज़ार करने लगी। क्यों?

9 -महँगू को किसने मारा?क्यों मारा?

10-गंगी ने क्षणिक सुख की साँस ली'-कारण क्या है?

11-हम क्यों नीच हैं ये लोग क्यों ऊँच हैं गंगी के इस विचार पर आपका मत क्या है?

## बसंत मेरे गाँव का(लेख)-मुकेश नौटियाल

**(लेखक, बच्चे, बडे ,फूलदेई त्योहार,चैतीगीत ,पशुचारक )**

1 फूलदेई किस ऋतु में मनाया जाता है ?

बसंत ऋतु में

2 उत्तराखंड में बच्चों का प्रिय त्यौहार कौन -सा है ?

फूलदेई

3 कौन चैती गीत गाता है?

औजी

**इससे भी मदद ले**

4 चैती गीत में किनके किस्से होते हैं?

5 पंचाचुली और चौखंभा के बीच में कौन-सा पहाड़ स्थित है ?

6 फ़्योंली के फूल का रंग क्या है ?

7 उत्तराखंड के हिमालयी अंचल में फूलदेई बच्चों का सबसे बडा त्यौहार है । क्यों?

8 बुरांस के फूल का रंग क्या है ?

9 सरसों के फूल का रंग क्या है ?

**10** गंगा के प्रवाह में बढ़ावा आने का कारण क्या है?

11 पशुचारकों की जीवन रीति कैसी है?
12 पशुचारकों और गाँववालों के बीच के व्यापार की
विशेषता क्या है?
12 हिमालयी अंचलों में हलचल बढ़ जाती है।
कब और कैसे?

## दिशाहीन दिशा (यात्रा वृत्त)-मोहन राकेश

**(मोहन राकेश,अविनाश ,अब्दुल जब्बार (बूढा मल्लाह)**

1- बूढ़े मल्लाह का नाम क्या था ?
अब्दुल जब्बार ।
2- "ग़ालिब की चीज़ " का तात्पर्य क्या है ?
ग़ालिब की ग़ज़ल ।
3- मोहन राकेश अपनी यात्रा विवरण को " दिशाहीन दिशा "कहने का क्या कारण होगा ?
यात्रा से संबंधित लेखक की कोई रूपरेखा नहीं थी ।
4-’ शायराना' का मतलब क्या है ?
शायर के समान ।(कवि के समान)
5- लेखक की सबसे अधिक आत्मीयता किस समुद्र तट को लेकर थी ?
कन्याकुमारी

**इससे भी मदद लें**

1 घर से चलते समय लेखक ने पहले कहाँ जाने का निश्चय कर लिया था?
2 भोपाल स्टेशन पर लेखक से मिलने कौन आया ?
3 लेखक को भोपाल में एक दिन क्यों रुकना पड़ा ?
4 लेखक अपने मित्र अविनाश के साथ कहाँ पहुँचे?
5 भोपाल ताल पहुँचे तो लेखक के मन में क्या इच्छा हुई
6 मल्लाह की वेश-भूषा कैसी थी ?
7 अविनाश ने मल्लाह को क्या दिया ?
8 मल्लाह किसकी गज़ल सुनाने लगा ?

## बच्चे काम पर जा रहे हैं (कविता) -राजेश जोशी)

1 हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति कौन सी है ?
बच्चे काम पर जा रहे है।
2 बच्चे कहाँ जा रहे हैं?
काम पर
3 "बच्चे काम पर जा रहे है " इसे विवरण की तरह न लिखें तो कैसे लिखना है?
सवाल की तरह

4- बच्चे कैसी सड़क पर जा रहे है ?
कोहरे से ढँकी सड़क पर

**गुठली तो पराई है(कनक शशि की कहानी )**

**(गुठली ,बुआ ,माँ,तऊजी,भाई)**

1. ऐसे ही करेगी क्या अपना घर जाकर, यहाँ अपना घर से क्या तात्पर्य है ?
ससुराल

2 'अरी बेवकूफ! यह घर तो पराया है' बुआ गुठली से ऐसा क्यों कहती है ?
बुआ के अनुसार शादी के बाद लडकियों का घर ससुराल हैं।इसलिए..

## इससे भी मदद लें

1 'यूँ तो बड़ी बुआ गुठली को अच्छी लगती है पर उनसे बात करना उसे कुछ खास पसंद नहीं।' क्यों?

2 'चौदह की हो गई पर अकल नहीं आई छोरी को' यहाँ अकल से क्या तात्पर्य है ?

3दीदी की शादी के कार्ड में गुठली का नाम क्यों नहीं छपवाया?

4'लगा उसके पैरों के नीचे से जमीन खींच ली गई हो।' ऐसा क्यों गुठली को लगा?

**पत्र -रूपरेखा**

**स्थान**
**तारीख**

**प्रिय मित्र.......**

**तुम कैसे हो ? ठीक है ना ?मैं यहाँ खुश हूँ।घर में सब सकुशल है ना?**

**......................................................................................................**
**......................................................................................................**
**......................................................................................................**
**......................................................................................................**
**......................................................................**

**तुम्हारा मित्र**
**हस्ताक्षर**
**नाम**

**सेवा में**
**नाम......**
**पता.......**

## डायरी -रूपरेखा

18-12-2020
रविवार
आज का दिन मैं कभी भूल नहीं सकता। ..................................................
....................................................................................................................
....................................................................................................................
....................................................................................................................
....................................................................................................................
....................................................................................................................
.................

## पटकथा -रूपरेखा

दृश्य - एक
स्थान .......................................
समय ......................................
पात्र ..............................................

➔
➔
➔

दृश्य का विवरण
.......................................................................................................................................
......................................................................................................

संवाद
क ......................................
ख ..........................................
क ........................................
ख .......................................
क ......................................
ख ..........................................
क ........................................
ख .......................................

**इसपर भी ध्यान रखें:-**

प्रश्न- ' बेला बोली '-बेला के स्थान पर 'साहिल' का प्रयोग कीजिए ।
उत्तर- साहिल बोला।
प्रश्न - ' रोशनी आने लगी '- ' रोशनी ' के बदले 'प्रकाश ' का प्रयोग कीजिए ।
उत्तर- <u>प्रकाश आने लगा।</u>

**इससे भी मदद ले**

सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**'चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और मैं आखिरी बार । '**

1 चार्ली स्टेज पर पहली बार आया। 'चार्ली 'के बदले ' माँ ' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें ।

2 माँ स्टेज पर आखिरी बार आई । - क्यों ?

3. स्टेज पर चढ़ने के पहले चार्ली और माँ के बीच होने वाला संभावित वार्तालाप कल्पना करके लिखें ।

सूचना : 'बीरबहूटी ' कहानी का यह अंश पढें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**'दीपावली की छुट्टियों के बाद जब स्कूल खुला तो बेला के सिर पर सफेद पट्टी बंधी थी '**

1 'सफेद पट्टी ' - इसमें विशेषण शब्द कौन सा है ?

2.बेला को कैसे चोट लगी ?

3. सफेद पट्टी देखकर साहिल हैरान हो गया ।इस अवसर पर
बेला और साहिल के बीच की संभावित बातचीत कल्पना करके लिखें ।

सूचना : 'ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**"गरीबों का दर्द कौन समझता है ?!! हम तो मर भी जाते हैं तो कोई दुवार पर झांकने नहीं आता , कंधा देना तो बड़ी बात है ।"**

1 'कंधा देना ' - मतलब क्या है ?

[ धोखा देना , पानी देना , सहायता करना , परेशान करना ]

2 "गरीबों का दर्द कौन समझता है " जोखू ऐसा क्यों सोचता है ?

3 इस प्रसंग को लेकर पटकथा का एक दृश्य तैयार करें ।

अथवा

' जातिप्रथा एक सामाजिक अभिशाप हैं ' - यह संदेश देनेवाले एक पोस्टर तैयार करें।

सूचनाः 'दिशाहीन दिशा ' यात्रावृत्त का यह अंश पढें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

**'बूढ़े मल्लाह ने एतराज नहीं किया । चुपचाप अविनाश का कोट पहन लिया और ग़ालिब की एक ग़ज़ल सुनाने लगा '।**

1 ' एतराज ' का अर्थ क्या है ?

[ खुशी , विरोध , तर्क , हँसी ]

2 बूढे मल्लाह अब्दुल जब्बार के चरित्र पर टिप्पणी तैयार करें।

3 बूढ़े मल्लाह की ग़ज़ल सुनकर अविनाश और लेखक झूम उठे । इस अवसर पर दोनों के बीच का संभावित वार्तालाप कल्पना करके लिखें ।

सूचनाः **सबसेबड़ा शो मैन** पाठ का यह अंश पढें और 1 से 4  तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**'कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ की । '**

1 'तारीफ़ करना ' मतलब क्या है ?

[ आदर करना , बात करना ,  प्रवेश करना , प्रशंसा करना ]

2 'उसके ' में निहित सर्वनाम कौन सा है ?

[ यह , वह , ये , वे ]

3 लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की।क्यों  ?

4 इस प्रसंग को लेकर पटकथा का एक दृश्य तैयार करें ।

अथवा

शो के बाद चार्ली और माँ घर लौटते हैं। घर पहुँच कर दोनों में बातचीत हो रही हैं। संभावित  बातचीत तैयार करें।

**सूचनाः ' गुठली तो पराई है '** कहानी का यह अंश पढ़ें और 1  से   4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**'पर अब तो हद हो गई । और गुठली चुप रहने वालों में से नहीं है । वह अपनी दीदी के साथ बिताए मज़ेदार दिनों की याद करने लगी । साथ-साथ कहानियाँ पढ़ना , गाने गाना , चित्र बनाना ,मस्ती करना और खूब हँसना । पर शादी के तीन  दिन बाद जब दीदी घर आई तो एकदम बदल चुकी थी । न पहले जैसी मस्तीखोर और न बातूनी । अब वह साड़ी पहन  सिमटी -सिमटी रहने लगी थी । '**

1 दीदी के साथ गुठली क्या - क्या करती थी ?

2 शादी के बाद घर आकर दीदी कैसे रहने लगी ?

3 दीदी के स्वभाव पर आए परिवर्तन का कारण क्या होगा ? आपकी राय क्या है?

4 ' नारी सम्मान ' विषय पर जी . एच .एस . कोल्लम  स्कूल में होने वाले संगोष्ठी केलिए एक पोस्टर तैयार करें ।

अथवा

' नारी सम्मान देश का सम्मान ' विषय पर एक लघु लेख तैयार करें

सूचनाः ' बच्चे काम पर जा रहे हैं ।'कवितांश  पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**'क्या सारे मैदान सारे बगीचे और घरों के आंगन**
**खत्म हो गए हैं एकाएक**
**तो फिर बचा ही क्या है इस दुनिया में ?**
**कितना भयानक होता अगर ऐसा होता**
**भयानक है लेकिन इससे भी ज्यादा यह**
**कि है सारी चीज़ें हस्बमामूल '**

1 'कितना भयानक होता अगर ऐसा होता ' यहाँ भयानक बातें क्या-क्या है ?

2 ' सारे मैदान ' इसमें विशेषण शब्द क्या है?

3 निम्न लिखित आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें

***' सारी चीज़ों का ज्यों का त्यों चलना सबसे भयानक है'।***

4 कवि और कविता का परिचय देते हुए टिप्पणी तैयार करें।

കണ്ണൂർ ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത്

**MODEL -2023**

ഡയറ്റ് കണ്ണൂര് -

**SET-A**

സമഗ്ര ശിക്ഷാ കേരളം കണ്ണൂര്

സമഗ്ര വിദ്യാഭ്യാസ പദ്ധതി

SMILE 2023 SSLC MODEL EXAMINATION -

Third Language

STD-X HINDI

Time :90 Minut
MaximumScore : 40

---

सामान्य निर्देश :-पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

---

सूचना-:अकाल और उसके बाद- कविता की पंक्तियां पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

*दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद ।*
*धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद ।*
*चमक उठी घर भर की आँखें कई दिनों के बाद ।*
*कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद । '*

1. इन पंक्तियों में किस हालत का चित्रण है ? 1

(क) महामारी का (ख) अकाल के बाद का

(ग) अकाल का , (घ) गरीबी का

2. 'चमक उठी घर भर की आँखें कई दिनों के बाद ' - इसका क्या मतलब है? 2

3 कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें 4

सूचना-: दिशाहीन दिशा यात्रावृत्त का यह अंश पढें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

बूढ़े मल्लाह ने एक ग़ज़ल छेड़ दी । उसका गला काफी अच्छा था , और सुनाने का अंदाज़ भी शायराना था।काफी देर तक चप्पूओं को छोड़े वह झूम झूम कर गज़लें सुनाता रहा।

4 सही विकल्प चुनकर लिखें।

क) वह+ के = उसका ख) वह+ का = उसका

ग) वह+ की = उसका घ) वह+ को = उसका

5 'शायराना' का मतलब क्या है? 1

(क) कविता के समान (ख) कवि के समान

(ग) काव्य के समान (घ) लेखक के समान

6 इस प्रसंग के आधार पर अविनाश के उस दिन की डायरी लिखें। 4

अथवा

बूढ़ा मल्लाह अब्दुल जब्बार के चरित्र पर टिप्पणी लिखें?

सूचना-:बसंत मेरे गाँव का-लेख का यह अंश पढें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मकर संक्रांति से तपता सूरज अब नंदा पर्वत से चौखंभा पर्वत की ओर बढ़ने लगता है ।गंगा में पानी की धारा तेज़ हो जाती है। ठंड के मौसम से बर्फीले इलाकों से निचले इलाकों में उतरे पशुचाक वापस घरों को लौटने लगते हैं।

7 बर्फीला इलाका -इसमें विशेषण शब्द कौन सा है ? 1

8 गंगा में पानी की धारा कब तेज़ हो जाती है ? 2

9 ठंड के मौसम से बर्फीले इलाकों से निचले इलाकों में उतरे पशुचाक वापस घरों को लौटने लगते हैं।इस घटना के आधार पर एक रपट तैयार करें। 4

अथवा

सही मिलान करें ।

| | |
|---|---|
| गर्मी में | पाँच शिखर हैं। |
| ठंड के मौसम में | चार चोटियाँ हैं। |
| पंचाचूली के | पशुचारक निचले इलाकों में उतरते हैं। |
| चौखंभा की | गंगा की पानी तेज़ हो जाती है। |

सूचना- ठाकूर का कुआँ- कहानी का यह अंश पढ़ें और 10 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गरीबों का दर्द कौन समझता है।हम तो मर भी जाते हैं तो कोई दुआर पर झाँकने नहीं आता । कंधा देना तो बड़ी बात है। ऐसे लोग कुएँ से पानी भरने देंगे।

10. कंधा देना- मतलब क्या है ? 1


क) बहस करना ख) सहायता करना

ग) तारीफ़ करना घ) परेशान करना

11 समाज में आज भी जातिप्रथा की समस्या है ।इसपर आप का विचार क्या है 2

12. वाक्य पिरमिड की पूर्ती करें । 2

( कभी भी, द्वार पर )




13. इस प्रसंग को लेकर गंगी और जोखू के बीच का संभावित वार्तालाप लिखें 4

अथवा

'जाति प्रथा एक सामाजिक अभिशाप हैं' -जातिपरक असमानता के विरुद्ध संदेश देनेवाला एक पोस्टर तैयार करें।

सूचना : बीरबहूटी- कहानी का यह अंश पढ़ें और 14से 16 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

> "छत से गिर गई " वेला ने हँसते हुए कहा और कहा "बहुत दिन हो गए , आज खेल घंटी में गांधी चौक में लंगड़ी टाँग खेलेंगे "।

14. बच्चे कहाँ खेलने जा रहे हैं? 1

क) गांधी चौक में ख) खेत में

ग) कक्षा में घ) सड़क पर

15 बेला के सिर पर चोट कैसे लगी ? 1

16 प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें । 4

सुचना :आई एम कलाम के बहाने - फिल्मी लेख का यह अंश पढें और 17 से 18 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

> लेकिन कलाम फिर कलाम है ।इस झूठे आरोप के सामने भी अपनी दोस्ती का प्रण नहीं तोड़ता ।

17 प्रतिज्ञा - शब्द का समानार्थी शब्द गद्यांश से चुनकर लिखें

18 झूठा आरोप होने पर भी छोटू रणविजय के साथ की दोस्ती नहीं तोड़ता।अपना अनुभनव बताते हुए **छोटू** माँ के नाम पर पत्र लिखता है ।वह पत्र कल्पना करके लिखें। 4

अथवा

आई एम कलाम के बहाने - फिल्मी लेख के आधार पर चार सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- छोटू ऊँट पर चढना जानता है। ।
- रणविजय चाय की दुकान में काम करता है ।
- छोटू राष्ट्रपति कलाम-सा बनना चाहता है ।
- छोटू स्कूल जाना पसंद करता है ।
- रणविजय ढाणी के राणा का बेटा है।
- छोटू घुड़सवारी जानता है।

************************

കണ്ണൂർ ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത്

MODEL -2023

ഡയറ്റ് കണ്ണൂര് -

**SET-B**

സമഗ്ര ശിക്ഷാ കേരളം കണ്ണൂര്

സമഗ്ര വിദ്യാഭ്യാസ പദ്ധതി

SMILE 2023 SSLC MODEL EXAMINATION -

Third Language

STD-X HINDI

Time :90 Minuts
MaximumScore : 40

सामान्य निर्देश :-

पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें। वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना-:'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता की पंक्तियां पढें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

*कोहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं*
*सुबह-सुबह*
*बच्चे काम पर जा रहे हैं*
*हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह*
*भयानक है इसे विवरण की तरह लिखा जाना*
*लिखा जाना चाहिए इसे सवाल की तरह*

1. इन पंक्तियों में किस हालत का चित्रण हैं ? 1
   (क) महामारी का (ख) बालश्रम का
   (ग) जातिप्रथा का (घ) संपन्नता
2. हमारे समय की भयानक पंक्ति क्या है? भयानक होने का कारण क्या हैं ? 2
3. बालश्रम को रोकना हमारा दायित्व है। बालश्रम को रोकने का संदेश देते हुए एक पोस्टर तैयार करें।

अथवा

कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें । 4

सूचना-: 'आई एम कलाम के बहाने' फिल्मी लेख का यह अंश पढें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला-बदली का ।यानी मेरे टिफिन के राजमा चावल उसके और उसके घर से आया बडा सा छाछ का डिब्बा मेरा ।

4 सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

क) वह+के= उसके ख) वह+का= उसके

ग) वह+की= उसके घ) वह+को= उसके

5. 'अदला-बदली' का मतलब क्या है ? 1

क) अभिनय ख) बहस

ग) प्रशंसा घ) विनिमय

6 इस प्रसंग के आधार पर मिहिर और मोरपाल के बीच का संभावित वार्तालाप कल्पना करके लिखें। 4

अथवा

इस प्रसंग के आधार पर मोरपाल की डायरी लिखें।

सूचना-:'गुठली तो पराई है'-कहानी का यह अंश पढें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> गुठली बोली, “अपना घर ? यही तो है मेरा घर, जहाँ मैं पैदा हुई।" बुआ हँसके बोली, “अरी "बेवकूफ़ यह घर तो पराया है। बाकी लड़कियों की तरह तू भी किसी और की अमानत है। ससुराल ही तेरा असली घर होगा।

7 सही वाक्य कौन-सा है ? 1

(क) गुठली बुआ से बोलूँगी । (ख) गुठली बुआ से बोलेगी ।

(ग) गुठली बुआ से बोलोगी। (घः) गुठली बुआ से बोलेंगी ।

8 आज भी समाज में लडका-लडकी भेदभाव कायम हैं। इस पर अपना विचार प्रकट करें। 2

9 कहानी के इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें । 4

सूचना- दिशाहीन दिशा यात्रावृत्त का यह अंश पढ़े और 10 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।


> मैं गा तो नहीं सकता, हुज़ूर" -बूढ़ा मल्लाह हाथ जोड़कर बोला। “मगर आप चाहें तो चंद गज़लें तरन्नुम के साथ अर्ज कर सकता हूँ, और माशा अल्लाह चुस्त गज़लें हैं। "

10. मैं गा तो नहीं सकता -यह किसने कहा ?

11 बूढ़े मल्लाह का नाम क्या है?

12. वाक्य पिरमिड की पूर्ती करें । 2

(धीरे, मल्लाह)




13. बूढे मल्लाह से ग़ज़लें सुनकर अविनाश बहुत खुश हो गया। भोपाल ताल की सैर के अनुभवों का ज़िक्र करते हुए मित्र के नाम अविनाश पत्र लिखता है। वह पत्र कल्पना करके लिखें 4

अथवा

सही मिलान करें ।

| | |
|---|---|
| मैं नहीं गा सकता। | सिर्फ़ एक बनियन पहना था। |
| चंद गज़लें | भोपाल ताल के पास पहूँचे। |
| बूढ़ा मल्लाह | अर्ज कर सकता हूँ। |
| अविनाश और मोहन राकेश | बूढ़ा मल्लाह हाथ जोड़कर बोला। |

सूचना : "बीरबहूटी" कहानी का यह अंश पढ़ें और 14 से 16 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

> एक दिन सुरेंदर जी माटसाब ने बेला के बालों में पंजा फँसाया । पर शायद जिस गलती को पाकर वे उसके बाल पकड़कर फेंकनेवाले थे, वह गलती थी ही नहीं। उन्होंने बेला को छोड़ दिया। बेला के भयभीत चेहरे को देखकर साहिल बुरी तरह डर गया था।

14. बेला के गणित के माटसाब का नाम क्या है ? 1

15 सुरेंदर जी माटसाब ने बेला के बालों में पंजा फँसाया । क्या आप इससे सहमत है? अपना विचार प्रकट करें। 2

16 बेला और साहिल के बीच की दोस्ती पर एक टिप्पणी लिखें। 4

सुचना :सबसे बडा शो मैन जीवनी का यह अंश पढें और 17 से 18 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> धुएँ के उड़ते हुए छल्लों के बीच चार्ली ने मशहूर गीत जैक जोन्स गाना शुरू किया। कुछ देर तक आर्केस्ट्रा वाले उसकी आवाज़ में उस गाने की धुन तलाशते रहे और वह जैसे ही मिली, गाना सजने लगा।

17 'मशहूर गीत' में विशेषण शब्द कौन सा है। 1

18. जीवनी के आधार पर चार सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 4

- गाते समय चार्ली की आवाज़ फट गयी।
- चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी ।
- चार्ली को स्टेज से हट जाना पडा।
- चार्ली का शो देखकर दर्शकों ने तालियाँ बजाईं।
- मैनेजर एक रूमाल लेकर पैसा बटोरने लगा।
- माँ और मैनेजर के बीच बहस हुआ।

*****************************